एक अलग नीति की घोषणा करने का विचार रखती है, और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन):(क) जी, हां।

(ख) और (ग) लघु, अति लघु और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने और उन्हें सुदृढ़ करने के लिए नीतिगत उपाय 6 अगस्त, 1991 को संसद में रखे गए थे। इन नीतिगत उपायों के पैरा 2.3 में यह उल्लेख किया गया है कि अति लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एक अलग पैकेज प्रस्तुत किया जायेगा और यह सरकार की नई नीति के मुख्य बल का हिस्सा है।

अति लघु क्षेत्र के लिए पैकेज के ब्यौरे संबंधित मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से तैयार किए जा रहे हैं।

Telecast of TV serial 'Krishna' in Canada

*50. SHRI KRISHAN LAL SHARMA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact :hat T.V. serial 'Krishna' is being telecast in Canada ;

(b) whether it is also a fast that the same serial is still pending for approval in our country ;

(c) if so, the reasons of the daisy in this regard ; and

(d) by when the same is likely to be cleared for telecast in the country ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) No record is maintained by Door- darshan of Indian serials produced by Private agencies telecast by TV stations abroad.

(b) to (d) Selection of serials under the sponsorship scheme is an ongoing activity. In October, 1990, Doordarshan invited proposals under sponsorship scheme and received more than 3,500 proposals from various outside producers. These proposals have been placed before the Selection Committee consisting of non-official members for evaluation 'Krishna' is one among these proposals. The telecast of the proposals which are finally selected would depend upon the programme requirements of Doordarshan from time to time.

मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा घटिया कारों का निर्यात

*51. श्री आनन्द प्रकाश गौतम : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा विदेशों को निर्यातित भारी संख्या में कारें घटिया होने के कारण वापस कर दी गई हैं ;

(ख) क्या तत्संबंधी संविदायें रद्द कर दी गई हैं; और

(ग) विश्व व्यापार जगत में देश की प्रतिष्ठा को बचाने के लिये क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

ग्रामीण विकास योजना परिव्यय

*52. डा० जितेन्द्र कुमार जैन : श्री रणजीत सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 3 फरवरी, 1992 के "इकोनामिक टाइम्स